सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-23
12/01/2018

# शराबबंदी के बाद बिहार का मान–सम्मान बढ़ा है :– मुख्यमंत्री

पटना, 12 जनवरी 2018 :– विकास कार्यों की समीक्षा यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज कैमूर जिले के मोहनियां प्रखंड के अहिनौरा गांव का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान सात निश्चय के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों की प्रगति को देखा। पक्की गली–नाली, हर घर शौचालय, बिजली का कनेक्शन, हर घर नल का जल के बारे में गांव वालों से जानकारी ली। मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजनान्तर्गत हर घर नल का जल योजना के तहत मुख्यमंत्री ने जलमीनार का उद्घाटन किया। गांव भ्रमण के पश्चात आयोजित कार्यक्रम में 228 करोड़ रुपए लागत वाली 63 योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क मार्ग से पटना से बक्सर जिले के कार्यक्रम में आने में विलंब हुई, इसके बावजूद इतनी ठंड में आप सब बड़ी संख्या में उपस्थित हुये हैं, इसके लिए मैं आप सबको तहे दिल से धन्यवाद देता हूं और अभिनंदन करता हूँ। विकास कार्यों की समीक्षा यात्रा के क्रम में मैंने जिले के किसी एक गांव में जाने का निर्णय लिया था और उसी क्रम में आज अहिनौरा आने का मौका मिला है। मुझे यहां आकर बहुत खुशी हुई है। गांव भ्रमण के दौरान मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि यह ऐतिहासिक गांव रहा है, हजारों साल पुराना गांव है, ऐसा मुझे इसकी बनावट को देख कर लग रहा है। गया से जाने के दौरान भगवान बुद्ध का यह रास्ता रहा होगा, यह जगह किलानुमा प्रतीत होता है। निश्चित रूप से ऐतिहासिक जगह रही होगी। मैं इस धरती को प्रणाम करता हूँ। यहां कि मुखिया श्रीमती अश्विनी देवी ने अपने बेटे की शादी बिना दहेज करके एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। इसी तरह आप लोग भी मन बना लीजिए, सामाजिक कुरीतियों को मिटाने के लिए यह एक अच्छी पहल है। शराबबंदी के निर्णय से कितना असर पड़ा है। गाढ़ी कमाई का एक बड़ा हिस्सा बर्बाद होने से बच गया और उसका उपयोग बेहतर भरण–पोषण में हो रहा है। समाज में झगड़े का वातावरण नहीं है, अब बाहर से सब्जी लेकर घर में वही लोग आते हैं और प्रेम एवं शांति का वातावरण है। दो नंबरी लोग अभी भी इस गलत धंधे में लिप्त हैं। उससे सचेत रहना है, इसके लिए तंत्र में कड़ी व्यवस्था की जा रही है। पुलिस महानिरीक्षक मद्य निषेध का गठन किया गया है। एक अधिकारी को इसके लिए नियुक्त किया गया है, जिसका एक पूरा तंत्र होगा। हर एक गांव में बिजली के ट्रांसफार्मर वाले खंभे पर नंबर अंकित होगा, जिस पर अपने मोबाइल से आप सूचना दे सकेंगे। आपकी सूचना पर त्वरित एवं सख्त कार्रवाई होगी और आपका नाम भी गोपनीय रहेगा। निडर होकर फोन कीजिए, गड़बड़ करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। सबसे बड़ी बात जन जागृति की है, आप महिलाओं की मांग पर ही मैंने शराबबंदी को लागू किया। 9 जुलाई 2015 के कार्यक्रम में मैंने वचन दिया था कि अगली बार सत्ता में आऊंगा तो शराबबंदी लागू करूँगा। आपलोगों को सतर्क रहना जरूरी है क्योंकि सावधानी हटी, दुर्घटना घटी। लोगों को समझाना होगा कि हाल ही में वैशाली और रोहतास जिले में जहरीली शराब पीने से कुछ लोगों की मौत हुई थी। आपलोगों को बताइए कि दो नंबरी धंधेबाज जहरीली शराब पिलाकर तुम्हें मौत का शिकार

बना सकते हैं। यह भी ध्यान देना होगा कि शराब के बदले दूसरे मादक द्रव्य का प्रयोग न हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शराबबंदी के बाद बिहार का मान–सम्मान बढ़ा है। देश के अलग–अलग राज्यों से एवं देश के बाहर से भी अध्ययन करने के लिए लोग यहां आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके साथ ही दो कुरीतियों बाल विवाह और दहेज प्रथा के खिलाफ अभियान चलाया गया है। लोक संवाद के कार्यक्रम में एक महिला ने मुझसे कहा कि शराबबंदी का असर बहुत बढ़िया है, अब दहेज प्रथा को भी बंद कीजिए। मुझे यह अच्छा लगा और बापू के जन्मदिन 2 अक्टूबर से दहेज प्रथा एवं बाल विवाह के खिलाफ सशक्त अभियान चलाया। दहेज में ज्यादा पैसा न देना पड़े इसलिये कम उम्र में ही लड़कियों की शादी कर दी जाती है। बाल विवाह एवं दहेज प्रथा एक दूसरे से जुड़ी हुई है इसीलिए एक साथ अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इन कुरीतियों के खिलाफ पहले से कानून बने हुये हैं। 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के की शादी गैरकानूनी है। लोग फिर भी इस काम को करते हैं। बाल विवाह का कितना भयानक परिणाम है कि गर्भधारण के दौरान महिलाएं मौत की शिकार हो जाती हैं और जो बच्चे जन्म लेते हैं, वे मंदबुद्धि, बौनेपन एवं अन्य बीमारियों के शिकार होते हैं। इसे समाप्त करने के लिए सामाजिक अभियान निरंतर चलते रहना चाहिए। आप संकल्प लीजिए कि आपका कितना नजदीकी भी कोई क्यों न हो, अगर उसने दहेज लिया है तो उसकी शादी में शामिल न हों। अगर आप शादी में नहीं जाएंगे तो वह भयभीत होगा, उसका भेद खुल जाएगा। आप मन बना लीजिए कि किसी भी सूरत–ए–हाल में दहेज वाली शादी में शामिल नहीं होंगे। आपस में बात करते रहिए और इस संकल्प के लिए पक्का मन बना लीजिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज 228 करोड़ रुपए की 63 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास हुआ है। मुझे खुशी है और जो यहां पहले काम हुआ है, वह भी मुझे पसंद आया है। विकास के काम किए जा रहे हैं। हर क्षेत्र में विकास हो रहा है, न्याय के साथ विकास हो रहा है। कृषि रोड मैप के जरिए कृषि क्षेत्र में विकास किया जा रहा है। विकेंद्रीकृत तरीके से विकास हो रहा है। पैक्स के माध्यम से धान खरीदी जा रही है। धान खरीदने के लिए पहले नमी का निर्धारण 17 प्रतिशत था, केंद्र सरकार से मैंने निवेदन किया था, उसके बाद से अब नमी का निर्धारण 19 प्रतिशत किया गया है, इसके लिए मैं केंद्रीय मंत्री श्री रामविलास पासवान जी को धन्यवाद देता हूँ। अभी धान की खरीददारी पिछले वर्ष की तुलना में चार गुना अधिक हुई है। हर क्षेत्र में विकास हो रहा है लेकिन जब समाज सुधार हो जाएगा तो असली विकास होगा। मेरी समाज सुधार में रुचि है, आप सबसे प्रार्थना है कि इस अभियान में शामिल होकर इसे मजबूत बनायें। पिछले साल 21 जनवरी को शराबबंदी एवं नशामुक्ति के खिलाफ मानव श्रृंखला बनी थी, आज से 9 दिन बाद 21 जनवरी यानी रविवार के दिन बाल विवाह एवं दहेज प्रथा के खिलाफ मानव श्रृंखला बनेगी। आप सबसे निवेदन है कि उसमें शामिल होकर इन कुरीतियों के खिलाफ स्पष्ट संदेश दीजिए। आप सब जरूर मानव श्रृंखला में शामिल होकर अपना संकल्प व्यक्त कीजिएगा।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्यमंत्री का स्वागत पुष्प–गुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंटकर किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कैमूर डायरी का भी विमोचन किया। मुख्यमंत्री को जिलाधिकारी ने स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

इस अवसर पर परिवहन मंत्री सह जिला प्रभारी श्री संतोष कुमार निराला, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री श्री ब्रज किशोर बिंद, मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह ने भी सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर विधायक श्री अशोक कुमार सिंह, विधायक श्री निरंजन राम, विधान पार्षद श्री संजीव श्याम सिंह, पुलिस महानिदेशक श्री पी0के0 ठाकुर,

मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चंद्रा, पटना प्रमंडल आयुक्त श्री आनंद किशोर, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी कैमूर श्री राजेश्वर प्रसाद सिंह, कैमूर की पुलिस अधीक्षक श्रीमती हरप्रीत कौर सहित अन्य वरीय अधिकारी, गणमान्य व्यक्ति तथा बड़ी संख्या में आमलोग उपस्थित थे।

मंच पर श्री दयानंदा राम एवं अहिनौरा गॉव की मुखिया श्रीमती अश्विनी देवी के सुपुत्र श्री विवेक अरोड़ा एवं गोराह के श्री सूबेदार राम की सुपुत्री आशा कुमारी के दहेज मुक्त विवाह की प्रशंसा करते हुये नवविवाहित जोड़े को मुख्यमंत्री ने अपना आशीर्वाद एवं शुभकामनायें दीं।

******